मैने सुना है कि खराब प्रदर्शन के बाद कोचों को हटाया जाता है लेकिन पहली बार विदेशी कोच की नियुक्ति के लिये मुझे हटाया जा रहा है।
– पीआर श्रीजेश

भारतीय हॉकी गोलकीपर, विदेशी कोचों को तरजीह देने को लेकर।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी — राहुल द्रविड़

विश्व कप विजेता भारत के पूर्व मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने कहा कि टी20 बल्लेबाजी के नियमों में हाल ही में पूरी तरह से बदलाव आया है और गेंदबाजों को इसके साथ तालमेल बिठाने के लिए काफी मेहनत करनी होगी। द्रविड़, जिन्होंने 2024 में कैरेबियन में भारत को दूसरा टी20 विश्व कप खिताब दिलाया था, वैभव सूर्यवंशी, आयुष म्हात्रे, प्रियांश आर्य जैसे युवा खिलाड़ियों और विश्व के नंबर एक टी20 बल्लेबाज अभिषेक शर्मा द्वारा पावरप्ले ओवरों में बल्लेबाजी के तरीके को पूरी तरह से बदलने से चकित हैं।

क्या आप जानते हैं ?... भारतीय फुटबॉल को अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ द्वारा नियंत्रित किया जाता है, जो 1948 से फीफा से संबद्ध है।

कोहली बने आईपीएल में सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ी

रोहित-धोनी का रिकॉर्ड धराशायी

रायपुर, 13 मई। आईपीएल के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने बुधवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मुकाबले में उतरने के साथ एक बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। वह आईपीएल के इतिहास में सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने एमएस धोनी और रोहित शर्मा को पीछे छोडा। उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान एमएस धोनी का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 278 आईपीएल मैच खेले हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के पूर्व कप्तान विराट कोहली आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज भी हैं। चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान एमएस धोनी ने जारी सीजन में अभी तक एक भी मैच नहीं खेला है, जबकि रोहित शर्मा चोट के कारण कुछ मैचों से बाहर रहे।

विराट के शतक से जीता आरसीबी

कोलकाता को छह विकेट से हराया

रायपुर, 13 मई। आरसीबी ने केकेआर को विराट कोहली की नाबाद शतकीय पारी के दम पर 6 विकेट से हरा दिया। इस मैच से पहले कोहली पिछले दो मुकाबले में डक पर आउट हो गए थे, लेकिन उन्होंने कमाल की वापसी की और शतक लगाते हुए अपनी टीम को आसान जीत दिला दी। आरसीबी की ये लगातार दूसरी जीत रही तो वहीं केकेआर की पिछली 4 जीत का सिलसिला यहां टूट गया। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 का 57वां मुकाबला रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच खेला गया। बारिश के कारण इस मैच में टॉस 8.30 बजे किया गया और आरसीबी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। केकेआर ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट पर अंगकृष रघुवंशी की अर्धशतकीय पारी के दम पर 192 रन बनाए और आरसीबी को जीत के लिए 193 का लक्ष्य दिया। इसके जवाब में आरसीबी ने 19.1 ओवर में 4 विकेट पर 194 रन बनाकर मैच जीत लिया।

विराट कोहली का शतक

जैकब 15 रन के स्कोर पर आउट हो गए तो वहीं कोहली ने 32 गेंदों पर अर्धशतक पूरा किया जबकि उन्होंने अपना शतक 58 गेंदों पर लगाया। कोहली का इस सीजन में ये पहला शतक रहा और वो 60 गेंदों पर 105 रन बनाकर नाबाद रहे। पडीक्कल 39 रन के स्कोर पर आउट हो गए। पाटीदार ने 11 रन की पारी खेली और डेविड 2 रन के स्कोर पर कैच आउट हो गए। केकेआर के कार्तिक ने 3 विकेट लिए।

कोहली के 14000 टी-20 रन पूरे

विराट कोहली टी-20 क्रिकेट में सबसे तेज 14 हजार रन पूरे करने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने यह उपलब्धि सिर्फ 409 पारियों में हासिल की। इस मामले में उन्होंने क्रिस गेल (423 पारी) और डेविड वॉर्नर (431 पारी) जैसे दिग्गजों को पीछे छोड़ दिया।

धर्मशाला में आज पंजाब के सामने होगी मुंबई इंडियंस

धर्मशाला, 13 मई। एचपीसीए क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में गुरुवार को आईपीएल मुकाबले में पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच भिड़ंत होगी। धर्मशाला में आईपीएल सीजन का यह दूसरा मुकाबला खेला जाएगा। इससे पूर्व बीते 11 मई को पंजाब और दिल्ली के बीच मैच खेल गया था जिसमें मेजबान पंजाब को हार का सामना करना पड़ा था। ऐसे में अब वीरवार को पंजाब किंग्स इलेवन की टीम प्लेऑफ व पहले ही टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियन्स के साथ मैच खेलेगी। धर्मशाला स्टेडियम में गुरुवार को शाम साढ़े सात बजे पंजाब व मुंबई आमने-सामने होंगे। लगातार चार हार के बाद अब मेज़बान पंजाब किंग्स पर हर हाल में जीत दर्ज करने का दबाव होगा। सीजन में पहले सात मुकाबलों में से छह में जीत दर्ज करने के बाद लगातार मिल रही हार से अब पंजाब को प्लेऑफ में बने रहने के लिए पूरी जोर-आजमाईश करनी होगी। गौरतलब है कि मुंबई के स्टार खिलाड़ी हिट-मेन रोहित शर्मा, टी-20 के कैप्टन सूर्या कुमार यादव, जसप्रीत बुमराह, हार्दिक पांडया व तिलक वर्मा सहित अन्य बड़े नाम होने के बावजूद टीम नौवें पायदान पर है, वह एलमिनेट भी हो चुकी है। धर्मशाला मुकाबले के लिए मुंबई के कैप्टन हार्दिक पांडया व सूर्या कुमार यादव धर्मशाला नहीं आए हैं। ऐसे में उक्त दोनों दिग्गज के बिना टीम मैदान में उतरेगी, एमआई की ओर से यंग ब्रिगेड को मौका दिए जाने की बातें चल रही हैं। सितारों से सजी हुई मुंबई इंडियन्स इस सीजन कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई है, और सबसे पहले प्लेऑफ की दौड़ से एलिमनेट हो चुकी है। ऐसे में अब मुंबई की टीम पंजाब किंग्स का खेल बिगाड़ भी सकती है। पंजाब ने शुरूआत से ही बेहतरीन खेल दिखाते हुए लगातार छह मैच जीते थे, जबकि अब धर्मशाला में लगातार चौथी हार भी हो चुकी है। ऐसे में पंजाब को प्लेऑफ में बने रहने के लिए अपने आगामी मैच जीतना जरूरी हो गया है। आईपीएल के 19वें सीजन में पंजाब अब भी लगातार चौथी हार के बाद चौथे स्थान पर है, जबकि मुंबई सीजन में मात्र तीन जीत व आठ हार के साथ नौवें स्थान पर है। ऐसे में धर्मशाला में होने वाला मुकाबला पंजाब के लिए अहम होगा। पंजाब जीत की लय में वापिस लौटना चाहेगी, वहीं मुंबई पांच बार की चैंपियन रह चुकी है, जोकि अपनी मान-मर्यादा के लिए भिड़ेगी।

समर कैंप 16 से 31 मई तक

जयपुर, 13 मई। राजस्थान क्रिकेट संघ के निर्देशानुसार जयपुर जिला क्रिकेट संघ द्वारा जयपुर जिले के खिलाड़ियों के लिए बालक वर्ग में अंडर 14, अंडर 16 व अंडर 19 आयु वर्ग में तथा अंडर 19 के बालिका वर्ग के लिए दिनांक 16 मई से 31 मई तक के एल सैनी स्टेडियम पर समर कैंप का आयोजन किया जाएगा।

क्रिकेट अंडर-19 टीम का चयन ट्रायल सम्पन्न

दौसा, 13 मई। आरसीए द्वारा आयोजित अंडर 19 प्रतियोगिता हेतु जिले की टीम का चयन ट्रायल 13.05.2026 बुधवार को राजेश पायलट राजकीय स्टेडियम में आयोजित हुआ इसके लिए 66 खिलाड़ियो ने दी ट्रायल"। जिला क्रिकेट संघ सचिव बृज किशोर उपाध्याय ने बताया कि आरसीए द्वारा आयोजित अंडर 19 स्टेट प्रतियोगिता पहले 20 मई से प्रस्तावित थी लेकिन अब 01 जून से आयोजित की जाएगी जिसके लिए जिले की टीम का चयन ट्रायल दिनांक 13.05.2026 बुधवार को राजेश पायलट राजकीय स्टेडियम पर सुबह 8:00 बजे ली गई जिसमें 66 खिलाड़ियों ने ट्रायल दी और उनके दस्तावेज भी चेक किए गए। सचिव बृज किशोर उपाध्याय द्वारा यह भी बताया गया कि हमने जिले के खिलाड़ियो को खूब मौके दिए है परंतु खिलाड़ी कोई खास परफार्मेंस नहीं कर पाए है इस बार टीम में प्रोफेशनल खिलाड़ी जोड़े जाएँगे जिससे टीम की परफॉर्मेंस में सुधार हो सके साथ ही उन्होंने कहा कि हमें समय मिला है एक अच्छी टीम बनाने का इसलिए इस बार खिलाड़ियों के रेगुलर प्रैक्टिस मैच कराए जाएंगे और फिर परफॉर्मेंस देखकर चयन समिति द्वारा टीम घोषित की जाएगी।

कैंडलविक अकादमी जीती



जयपुर, 13 मई। अंडर-16 समर कप में क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 27.3 ओवर में 101 रन 10 विकेट के नुकसान पर बनाएं। नटराजन ने सर्वाधिक 35 रनों का योगदान दिया। कैंडलविक क्रिकेट अकादमी की ओर से शिवांग और आर्यमन सिंह ने 3-3 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कैंडलविक क्रिकेट अकादमी ने 14 ओवर में 103 रन बिना किसी विकेट के नुकसान पर बना कर जीत हासिल कर ली। कृष्ण शर्मा ने 45 और प्रयाग गुप्ता ने 35 रन का योगदान दिया। शिवांग को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

संस्कार क्रिकेट एकेडमी ने आरसीसी को हराया

// आरव का शतक //



जयपुर, 13 मई। जयपुर जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अनुराग मिश्रा स्मृति बी डिवीजन लीग में आज खेले गए पूल बी के मैच में संस्कार एकेडमी ने आर सी सी को 57 रनो से हराया। जी आर ग्राउंड पर संस्कार एकेडमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए काव्य झालानी के 28 रन, आरव कुमार के शतक 102 रन (101 गेंद, 10 चौके), मानव खंडूजा के 61 रन व अंशुल स्वामी के 22 रन से 50 ओवर में 6 विकेट पर 288 रन बनाए। आर सी सी के लिए प्रदीप गुर्जर ने 46 पर 2, अमन तिरुपानी ने 42 पर 2, अर्णव वशिष्ठ व प्रणव चौधरी ने एक एक विकेट लिया। जवाबी पारी में आर सी सी की टीम पराक्रम सिंह 14 रन, ध्रुव वशिष्ठ 41 रन, दीपक बड़ैतिया 55 रन, अक्षित शर्मा 26 रन, दर्शील सहगल के 26 रन से 40.5 ओवर में 231 रन बनाकर आउट हो गई। संस्कार एकेडमी के लिए सूर्य प्रताप सिंह ने 55 पर 4, प्रणव शर्मा ने 34 पर 2, पुलकित माथुर, मानव खंडूजा व अंशुल स्वामी ने एक एक विकेट लिया।

थाईलैंड ओपन : सिंधु और श्रीकांत प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंचे, आयुष शेट्टी बाहर



नई दिल्ली, 13 मई। थाईलैंड ओपन 2026 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधु और किदांबी श्रीकांत ने शानदार जीत दर्ज करते हुए बुधवार को प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। वहीं युवा खिलाड़ी आयुष शेट्टी को पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा।

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने महिला एकल के पहले दौर में चीनी ताइपे की तुंग चिउ-तोंग को एकतरफा मुकाबले में 21-9, 21-12 से हराया। छठी वरीयता प्राप्त सिंधु ने यह मुकाबला सिर्फ 33 मिनट में अपने नाम किया। अब अगले दौर में उनका सामना डेनमार्क की अमाली शुल्ज से होगा। सिंधु 2024 सैयद मोदी इंटरनेशनल के बाद अपने पहले खिताब की तलाश में हैं।

पुरुष एकल में किदांबी श्रीकांत ने सिंगापुर के आठवीं वरीयता प्राप्त लोह कीन यू को 21-14, 21-15 से हराकर अंतिम-16 में प्रवेश किया। यह मुकाबला 2021 विश्व चैंपियनशिप फाइनल का रीमैच था। श्रीकांत, जिन्होंने 2013 में थाईलैंड ओपन का खिताब जीता था, अब अगले दौर में चीनी ताइपे के सु ली यांग से भिड़ेंगे।

बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता आयुष शेट्टी को जापान के कोडाई नाराओका के खिलाफ हार झेलनी पड़ी। पहले गेम गंवाने के बाद आयुष ने शानदार वापसी करते हुए दूसरा गेम जीतकर मुकाबले को निर्णायक गेम तक पहुंचाया। हालांकि तीसरे गेम में जापानी खिलाड़ी पूरी तरह हावी रहे और उन्होंने 21-13, 17-21, 21-4 से जीत दर्ज की।

महिला एकल में युवा भारतीय खिलाड़ी उन्नित हुड्डा और अनमोल खरब भी हारकर बाहर हो गईं। उन्नित हुड्डा ने थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग के खिलाफ पहला गेम जीतकर शानदार शुरुआत की, लेकिन चौथी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने वापसी करते हुए 11-21, 21-17, 21-16 से मुकाबला जीत लिया। फरीदाबाद की 19 वर्षीय अनमोल खरब ने मौजूदा चैंपियन चीन की चेन यू फेई को कड़ी टक्कर दी। निर्णायक गेम में अनमोल एक समय 11-2 से आगे थीं, लेकिन चीनी खिलाड़ी ने जोरदार वापसी करते हुए 19-21, 21-13, 21-18 से मैच अपने नाम कर लिया। दिन में बाद में लक्ष्य सेन, तन्वी शर्मा, देविका सिहाग, मालविका बंसोड़ और ईशारानी बरुआ भी अपने एकल मुकाबले खेलेंगी, जबकि मिश्रित युगल में भारत की तीन जोड़ियां एक्शन में नजर आएंगी।

सीएसके ने चोटिल रामकृष्ण घोष की जगह मैकनील को टीम में किया शामिल

नई दिल्ली, 13 मई। इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में चेन्नई सुपर किंग्स को बड़ा झटका लगा है। टीम के ऑलराउंडर रामकृष्ण घोष दाएं पैर में चोट के कारण पूरे सीजन से बाहर हो गए हैं। इसके बाद सीएसके ने उनके स्थान पर कर्नाटक के युवा ऑलराउंडर मैकनील नरोन्हा को टीम में शामिल किया है। रामकृष्ण घोष को 3 मई को मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेले गए मुकाबले के दौरान दाएं पैर में चोट लगी थी। मेडिकल जांच के बाद उन्हें बाकी सीजन से बाहर कर दिया गया। सीएसके ने मैकनील नरोन्हा को 30 लाख रुपये में रिप्लेसमेंट खिलाड़ी के रूप में अपनी टीम में शामिल किया है। मैकनील नरोन्हा हाल ही में शानदार घरेलू प्रदर्शन के कारण चर्चा में आए थे। उन्हें 2024-25 कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी में सर्वाधिक रन बनाने के लिए 'एमए चिदंबरम ट्रॉफी' से सम्मानित किया गया था। शानदार प्रदर्शन के दम पर उन्हें कर्नाटक की सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टीम में भी जगह मिली, जहां उन्होंने राज्य के लिए तीन मुकाबले खेले। सीएसके को उम्मीद होगी कि युवा ऑलराउंडर मैकनील नरोन्हा टीम को संतुलन देने के साथ आगामी मुकाबलों में उपयोगी योगदान देंगे।

एनबीए स्टार ब्रैंडन क्लार्क की 29 साल में मौत



नई दिल्ली, 13 मई। अमेरिकी बास्केटबॉल जगत से एक बेहद दुखद खबर सामने आई हैं। एनबीए टीम मेम्फिस ग्रिजलीज़ के स्टार खिलाड़ी ब्रैंडन क्लार्क का 29 साल की उम्र में निधन हो गया। मौजूद जानकारी के अनुसार उनका शव सोमवार शाम कैलिफोर्निया के सैन फर्नांडो वैली स्थित घर में मिला था। इस घटना के बाद पूरे खेल जगत में शोक का माहौल बना हुआ है। बताया जा रहा है कि सोमवार शाम करीब 5 बजे लॉस एंजेलिस फायर विभाग को मेडिकल इमरजेंसी से जुड़ी सूचना मिली थी। जब पैरामेडिक्स मौके पर पहुंचे तो उन्होंने ब्रैंडन क्लार्क को मृत घोषित कर दिया। गौरतलब है कि जांच एजेंसियों को घर से नशीले पदार्थों से जुड़ा सामान भी मिला हैं, जिसके बाद मामले को संभावित ओवरडोज की जांच कर रही है। मौजूद जानकारी के अनुसार अब क्लार्क के शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा, जिससे मौत के सही कारण और परिस्थितियों का पता लगाया जा सके। हालांकि अधिकारियों की तरफ से अभी अंतिम रिपोर्ट जारी नहीं की गई है।

आईपीएल 2026 : धीमी ओवर गति के कारण कमिंस पर 12 लाख का जुर्माना



नई दिल्ली, 13 मई। सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के कप्तान पैट कमिंस पर गुजरात टाइटंस (जीटी) के खिलाफ मंगलवार को खेले गए मुकाबले में धीमी ओवर गति बनाए रखने के कारण 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। यह मुकाबला इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 का 56वां मैच था, जो अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला गया।

आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत न्यूनतम ओवर गति से जुड़े नियमों के उल्लंघन के कारण यह कार्रवाई की गई। चूंकि इस सीजन में यह सनराइजर्स हैदराबाद का पहला ओवर-रेट अपराध था, इसलिए कप्तान पैट कमिंस पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।

मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को गुजरात टाइटंस के हाथों 82 रन से शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा। गुजरात ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट पर 168 रन बनाए थे। जवाब में हैदराबाद की पूरी टीम 14.5 ओवर में सिर्फ 86 रन पर सिमट गई। गुजरात की शुरुआत खराब रही थी। कप्तान शुभमन गिल 5 रन और जोस बटलर 7 रन बनाकर जल्दी आउट हो गए थे। इसके बाद साई सुदर्शन ने 61 रन और वॉशिंगटन सुंदर ने 50 रन की अहम पारियां खेलकर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया।

169 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी हैदराबाद की बल्लेबाजी पूरी तरह बिखर गई। मोहम्मद सिराज ने पहले ही ओवर में ट्रैविस हेड को शून्य पर आउट कर बड़ा झटका दिया। इसके बाद कगिसो रबाडा ने घातक गेंदबाजी करते हुए शीर्ष क्रम को तहस-नहस कर दिया।

आईसीसी टेस्ट रैंकिंग : बुमराह नंबर-1 गेंदबाज बरकरार, जायसवाल और गिल टॉप-10 में



नई दिल्ली, 13 मई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा बुधवार को जारी ताजा टेस्ट रैंकिंग में भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने गेंदबाजों की सूची में अपना नंबर-1 स्थान बरकरार रखा है। वहीं बल्लेबाजों की रैंकिंग में भारत के युवा सितारे यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल टॉप-10 में शामिल हैं। बल्लेबाजों की रैंकिंग में इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो रूट 880 रेटिंग अंकों के साथ पहले स्थान पर बने हुए हैं। भारत के यशस्वी जायसवाल 750 अंकों के साथ आठवें स्थान पर हैं, जबकि शुभमन गिल एक स्थान की छलांग लगाकर नौवें नंबर पर पहुंच गए हैं। गिल के खाते में 730 रेटिंग अंक हैं। बल्लेबाजों की सूची में जो रूट के बाद इंग्लैंड के हैरी ब्रूक दूसरे, ऑस्ट्रेलिया के ट्रैविस हेड तीसरे और स्टीव स्मिथ चौथे स्थान पर हैं। गौरतलब है कि भारतीय टीम ने 2026 में अभी तक विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का कोई मुकाबला नहीं खेला है। टीम इंडिया ने आखिरी टेस्ट सीरीज नवंबर में घरेलू मैदान पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेली थी। गेंदबाजों की रैंकिंग में जसप्रीत बुमराह 879 अंकों के साथ शीर्ष पर कायम हैं। भारतीय गेंदबाजों में उनके बाद मोहम्मद सिराज 12वें स्थान पर हैं। वहीं रविंद्र जडेजा और कुलदीप यादव क्रमशः 14वें और 15वें स्थान पर मौजूद हैं। ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि न्यूजीलैंड के मैट हेनरी तीसरे स्थान पर काबिज हैं। ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट कप्तान पैट कमिंस चौथे स्थान पर हैं।

एफआईएच नेशंस कप की तैयारी के लिए ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाएगी भारतीय महिला हॉकी टीम

नई दिल्ली, 13 मई। भारतीय महिला हॉकी टीम आगामी एफआईएच हॉकी महिला नेशंस कप न्यूजीलैंड 2025-26 की तैयारियों के तहत ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाएगी। हॉकी इंडिया ने बुधवार को उक्त घोषणा की। यह दौरा 21 मई से 3 जून 2026 तक आयोजित होगा, जबकि नेशंस कप का आयोजन 15 से 21 जून तक ऑकलैंड में होना है। ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान भारतीय टीम पर्थ हॉकी स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार मुकाबले खेलेगी। ये मैच 26, 27, 29 और 30 मई को खेले जाएंगे। पहले दो मुकाबले भारतीय समयानुसार शाम 5 बजे शुरू होंगे, जबकि आखिरी दो मैच सुबह 11 बजे खेले जाएंगे। ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद भारतीय टीम न्यूजीलैंड रवाना होगी, जहां नेशंस कप से पहले अभ्यास मुकाबलों के जरिए अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देगी। भारतीय महिला हॉकी टीम इससे पहले इस साल अर्जेंटीना दौरे पर शानदार प्रदर्शन कर चुकी है। टीम ने चार मैचों की सीरीज में दो जीत दर्ज कर मजबूत खेल का प्रदर्शन किया था। दौरे से लौटने के बाद से खिलाड़ी साई बेंगलुरु में राष्ट्रीय शिविर में लगातार अभ्यास कर रही हैं और अंतरराष्ट्रीय सीजन को ध्यान में रखते हुए अपनी कमजोरियों पर काम कर रही हैं। इस दौरे के दौरान टीम की ड्रैग-फ्लिकर खिलाड़ियों को विशेष प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। कोका-कोला इंडिया फाउंडेशन 'आनंदना' के सहयोग से नीदरलैंड के दिग्गज ताएके ताएकेमा 26 मई से 21 जून तक पर्थ और ऑकलैंड में खिलाड़ियों को विशेष ड्रैग-फ्लिक प्रशिक्षण देंगे।

श्रीजेश को नहीं हटाया गया : हॉकी इंडिया

नई दिल्ली, 13 मई। हॉकी इंडिया ने पूर्व भारतीय गोलकीपर पीआर श्रीजेश को लेकर चल रही अटकलों पर सफाई देते हुए कहा है कि उन्हें कोच पद से हटाया नहीं गया बल्कि उनका कार्यकाल दिसंबर 2025 में अनुबंध के अनुसार समाप्त हुआ था। हॉकी इंडिया ने अपने आधिकारिक बयान में कहा कि अनुबंध समाप्त होने के बाद तय प्रक्रिया के तहत कोच पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए। इसके बाद योग्य उम्मीदवारों की शॉर्टलिस्टिंग और चयन मेरिट के आधार पर किया गया। संगठन के मुताबिक, इस प्रक्रिया के जरिए एक अनुभवी और प्रतिष्ठित कोच का चयन किया गया है, जिसकी आधिकारिक घोषणा जल्द की जाएगी। संस्था ने स्पष्ट किया कि श्रीजेश को फायर किए जाने की खबरें गलत हैं। हॉकी इंडिया के अनुसार, उन्हें डेवलपमेंट टीम के कोच का प्रस्ताव दिया गया था, जो 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक और अगले ओलंपिक चक्र की तैयारियों में अहम भूमिका निभाने वाली टीम मानी जा रही है। हालांकि, श्रीजेश ने इस पद को स्वीकार नहीं किया।

ऑरेंज कैप की रेस में साई सुदर्शन दूसरे स्थान पर, पर्पल कैप में रबाडा ने की भुवनेश्वर की बराबरी

नई दिल्ली, 13 मई। इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में मंगलवार को गुजरात टाइटंस की सनराइजर्स हैदराबाद पर जीत के बाद ऑरेंज कैप और पर्पल कैप की रेस और भी रोमांचक हो गई है। बल्लेबाजों और गेंदबाजों की सूची में कई बड़े बदलाव देखने को मिले हैं।

ऑरेंज कैप की रेस में साई सुदर्शन की जोरदार छलांग

गुजरात टाइटंस के सलामी बल्लेबाज बी साई सुदर्शन ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 61 रन की शानदार पारी खेलकर ऑरेंज कैप की दौड़ में बड़ा उछाल मारा। यह उनकी लगातार तीसरी फिफ्टी और पिछले पांच मैचों में चौथी अर्धशतकीय पारी रही। साई सुदर्शन कुछ समय के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए थे, लेकिन बाद में एसआरएच के विकेटकीपर बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन ने उन्हें पीछे छोड़ दिया। क्लासेन ने मैच में सिर्फ 14 रन बनाए, लेकिन उनके कुल रन 508 हो गए, जिससे वह अब भी ऑरेंज कैप अपने पास बनाए हुए हैं। वहीं साई सुदर्शन 501 रन के साथ दूसरे स्थान पर हैं। इस सीजन अब तक केवल क्लासेन और साई सुदर्शन ही 500 रन का आंकड़ा पार कर पाए हैं।

पर्पल कैप में रबाडा ने भुवनेश्वर कुमार की बराबरी की

दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शानदार गेंदबाजी करते हुए 28 रन देकर 3 विकेट झटके और पर्पल कैप की रेस में भुवनेश्वर कुमार की बराबरी कर ली। रबाडा ने पावरप्ले में अभिषेक शर्मा, ईशान किशन और आर स्मरण के विकेट लेकर एसआरएच की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी। उनके नाम अब 21 विकेट हो गए हैं, जो भुवनेश्वर कुमार के बराबर हैं। हालांकि बेहतर इकॉनमी रेट (7.46) की वजह से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के भुवनेश्वर कुमार अब भी पर्पल कैप अपने पास बनाए हुए हैं, जबकि रबाडा का इकॉनमी रेट 9.15 है।

Office Executive Engineer Water Resources Division Khajuwala
exenwrdkhajuwala@gmail.com
No.:-Acctt/ NIB 02/2026-27/364 Dated:- 11/05/26

Notice Inviting Bid
(NIB Code WRN2627A0004)
Bid for The Construction of pucca water course in various chak estimated cost Rs 29.19 to 62.05 Lacs of invited from prospective bidders upto 21.05.2026 at 6.00 PM. Other particulars of the bids may be visited on the procurement portal http://www.eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in, of the state and www.water.rajasthan.gov.indepartmental website. UBN No- WRN2627WSOB00007, WRN2627WSOB00008, WRN2627WSOB00009 WRN2627WSOB00010

(Nitish Kumar Nagar)
Executive Engineer
Water Resources Division
Khajuwala
DIPR/C/8303/2026

राजस्थान सरकार
कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, कोटा (राज.)
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, दादाबाड़ी परिसर, सरकारी आवास, ए-1, कोटा (राज.)
फोनः- 0744-2461550, Email:- eemhkota@ymail.com, ee-mh-kota@gov.in
क्रमांक-155 दिनांक-08.05.2026

निविदा सूचना संख्या-03/2026-27
राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से चिकित्सा एंव स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत राज्य विभिन्न चिकित्सालयों पर रू0 147.38 लाख के 05 सिविल/विद्युत कार्य हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकाके अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदको, जो राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदको के समकक्ष हो से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण DIPR की वेब साईट पर www.dipronline.org, http://eproc.rajasthan.gov.in व विभागीय वेबसाईट http://rajswasthya.nic.in पर देखा जा सकता है।
UBN No.- 1. (NRH2627WSOB00192), 2. (NRH2627WSOB00193)
3. (NRH2627WSOB00194), 4. (NRH2627WSOB00195), 5. (NRH2627WSOB00196)
अधिशाषी अभियंता
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य कोटा
DIPR/C/8273/2026

कार्यालय अधिशाषी अभियंता, जन स्वा. अभि. विभाग, जिला ग्रामीण खण्ड द्वितीय, बीकानेर
पी.एच.ई.डी. कैम्पस, इण्डस्ट्रीयल एरिया, के.जी. कॉम्पलेक्स के पास, रानीबाजार, बीकानेर (334001)
फोन नं. 0151-2226475 ई-मेल-pheddriibkn@gmail.com,
eediv2.bik.phed@rajasthan.gov.in Latitude 28.0005250 Longitude 73.3249120
क्रमांक :-446-59 दिनांक :- 08.05.2026

Notice Inviting Bid :- 16 to 27/2026-27
Bid for various works are invited to registered interested bidder upto 18-05-26 at 18.00 hours. Other particulars of bid may be visited on the procurement portal www.sppp.rajasthan.nic.in & "http://eproc.rajasthan.gov.in" of the state. The approximate value of the procurement of Rs. 230.74 lacs.

NIT No.	16	17	18	19	20	21
UBN No.	PHE2627 WSOB00967	PHE2627 WSOB00968	PHE2627 WSOB00969	PHE2627 WSOB00970	PHE2627 WSOB00972	PHE2627 WSOB00973
NIT No.	22	23	24	25	26	27
UBN No.	PHE2627 WSOB00974	PHE2627 WSOB00975	PHE2627 WSOB00976	PHE2627 WSOB00977	PHE2627 WSOB00978	PHE2627 WSOB00979

(नरेश कुमार रैगर)
अधिशाषी अभियंता
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग,
जिला ग्रामीण खण्ड-II, बीकानेर
DIPR/C/8345/2026

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, जल संसाधन कालीसिंध परियोजना खण्ड, झालावाड
No. 310 Date : 11/05/2026

ई- निविदा सूचना संख्याः 03 वर्ष 2026-27
राजस्थान के राज्यपाल की ओर से नवीनतम पंजियन नियमो के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु जल संसाधन विभाग मे पंजीकृत संवेदको से निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र. सं.	कार्य का विवरण	अनुमानित लगत	धरोहर राशि 2 प्रतिशत	निविदा 1/2 प्रतिशत	कार्य शुल्क	अवधि
1	Construction of 33 KV GSS Building at Rehabilitation Colony Akawad kalan Tehsil khanpur under Parwan Major Multipurpose Irrigation project Jhalawar	57.53 Lacs	115070/-	28770/-	1000/-	08 Months
2	Construction of Sub Health Center at Rehabilitation Colony Chandaliya under Parwan Major Multipurpose Irrigation Project Dist. Jhalawar	35.68 Lacs	71360/-	17840/-	1000/-	08 Months
3	Urgent Removal Of Encroachment at Hatola,samrol and sewaniya villages fully submergence under Parwan Major Multipurpose Irrigation Project in Tehsil Khanpur, District Jhalawar	2.99 Lacs	5990/-	1500/-	200/-	12 Months

निविदा निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग के माध्यम से डाउन लोड एंव अपलोड की जायेगी। निविदा से सम्बन्धत विवरण वेबसाईट www.dipr.rajasthan.gov.in & www.waterresources.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है तथा निविदा दिनांक 11.05.2026 प्रातः 9.30 बजे से दिनांक 25.05.2026 सांय 6.00 बजे तक www.eproc.rajasthan.gov.in से डाउन लोड की जा सकती है/देखी जा सकती है। इसके अतिरिक्त निविदा प्रपत्र sppp.raj.nic.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

UBN NO. 1. WRD2627WSOB00072
2. WRD2627WSOB00073
3. WRD2627WSOB00074

(मुकेश निनामा)
अधिशाषी अभियन्ता
जल संसाधन कालीसिंध परियोजना
खण्ड झालावाड़
DIPR/C/8341/2026